# बर्लिन में लगे पर्यटन व्यापार मेले में दिखी यूपी की झलक

लखनऊ। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में यूपी के वैभव की झलक दिख रही है। 4 से 6 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में पर्यटन विभाग ने राज्य के पर्यटन आकर्षणों और क्षमताओं को विश्व समुदाय के सामने पेश किया। यहां अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज और टाइगर रिजर्व के साथ लखनऊ की चिकनकारी के बार में भी बताया।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बर्लिन में चल रहे दुनिया के सबसे बड़े पर्यटन व्यापार मेले में यूपी पर्यटन के स्टॉल पर अयोध्या, काशी, मथुरा, लखनऊ के पर्यटन आकर्षणों समेत प्रदेश की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को दिखाया गया। साथ ही हस्तशिल्प, ओडीओपी, पर्व-त्योहारों के बारे में भी बताया जा रहा है। स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यहां डिजिटल स्क्रीन, एआर इंटरैक्टिव टच पैनल, सेल्फी जोन, वीवीआईपी लाउंज व रिसेप्शन काउंटर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आईटीबी (इंटरनेशनल टूरिज्म-बोर्से बर्लिन) में अंतर्राष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों, ट्रेवल एजेंटों और प्रमुख पर्यटन हितधारकों के साथ संवाद होगा। अंतर्राष्ट्रीय रोड शो भी होंगे। ब्यूरो